राजस्थान सरकार

कार्यालय प्रमुख चिकित्सा अधिकारी, राजकीय जिला चिकित्सालय नीमकाथाना (राज.)

E-MAIL-chc_neemkathana@yahoo.in

क्रमांक– 2024–25/1727 दिनांक– 01-08-2024

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा Rajasthan Transparency In Public procurement Act 2012 तथा Rajasthan Transparency In Public Procurement Rule 2013 तहत कार्यालय प्रमुख चिकित्सा अधिकारी, राजकीय जिला चिकित्सालय नीमकाथाना (राज.) Reagents & consumables for fullyatomated biochemistry analyser Model : Erba EM-360 and Five Part Hematology Analyser Model : Erba Elite-580, Reagents for Five Part Hematology Analyser Model : BONAVERA COUNT 5R उपलब्ध कराने हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्ताओं/संवेदकों से निम्नानुसार ई–निविदाऐं आमंत्रित की जाती है।

क्र. सं.	जॉब कार्य का संक्षिप्त विवरण	अनुमानित लागत	2 प्रतिशत धरोहर राशि
1.	Reagents & consumables for fullyatomated biochemistry analyser Model : Erba EM-360 and Five Part Hematology Analyser Model : Erba Elite-580, Reagents for Five Part Hematology Analyser Model : BONAVERA COUNT 5R	2500000	50000
	निविदा शुल्क	500	–
	आर.आई.एस.एल. प्रक्रिया शुल्क(RISL Processing Fees)	500	–

ई–निविदा कार्यक्रम

1.	ई–प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा प्रपत्र बिड डाटासीट इत्यादि डाउनलोड करने की प्रारंभ तिथि व समय	02.08.2024	**10-00 AM**
2.	ई प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा प्रस्तुत करने की प्रारंभ तिथि व समय	02.08.2024	**10-00 AM**
3.	ई प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा प्रपत्र बिड डाटासीट इत्यादि अपलोड करने की अन्तिम तिथि व समय	16.08.2024	01-00 P.M.
4.	धरोहर राषि, निविदा शुल्क एवं आर.आई.एस.एल. प्रक्रिया शुल्क चालान (RISL Processing Fees) प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय	16.08.2024	05-00 P.M.
5.	तकनीकी निविदा खोलने की तिथि व समय	17.08.2024	11.00 A.M.
6.	वित्तीय निविदा खोलने की तिथि व समय	तकनीकी निविदा मे सफल संवेदको को बाद मे सूचित किया जायेगा	

ऑन–लाईन बिडिंग के लिए निविदादाता का सूचना प्रौद्योगिक अधिनियम 2000 के अनुसार डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र होना आवष्यक है। तकनीकी निविदा उन्ही निविदादाताओं की खोली जायेगी जिनके द्वारा दिनांक 16.08.2024 05.00 P.M. तक निविदा शुल्क तथा निविदा प्रतिभूति राषि के डिमाण्ड ड्राफ्ट जो की सदस्य सचिव मेडीकेयर रिलीफ सोसायटी, राजकीय जिला चिकित्सालय नीमकाथाना (राज.) के नाम देय हों तथा ई निविदा प्रक्रिया शुल्क राशि 500/– रूपये ई–ग्रास के माध्यम से चालान जमा करवाकर कार्यालय में प्रस्तुत करने होगे। तकनीकी निविदा खोलने की तिथि को अवकाष घोषित हो जाने पर अगले कार्य दिवस को निविदा खोली जावेगी। उक्त निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता को होगा।

प्रमुख चिकित्सा अधिकारी
राजकीय जिला चिकित्सालय नीमकाथान

राजस्थान सरकार

कार्यालय प्रमुख चिकित्सा अधिकारी, राजकीय जिला चिकित्सालय नीमकाथाना (राज.)

दिनांक–

क्रमांक– 2024–25 / 1727

तकनीकी बिड (स्टेज–1)

विषयः– Lab Reagent & Chemicals उपलब्ध कराने के लिए निविदा प्रपत्र।

1. निविदादाता फर्म/संवेदक का नाम एवं डाक का पताः–.....
.....निविदादाता /फर्म/संवेदक का फोन एवं मोबाईल नम्बरः–.....
2. निविदादाता का ई–मेल एड्रेसः–.....
3. संदर्भ निविदा सूचना क्रमांकः–.....
4. हम प्रमुख चिकित्सा अधिकारी, राजकीय जिला चिकित्सालय नीमकाथाना (राज.) द्वारा जारी की गई निविदा सूचना संख्या..... दिनांक.....में वर्णित सभी शर्तो से तथा संलग्न शीट (इनके सभी पृष्ठों पर उनमें उल्लेखित शर्तो को हमारे द्वारा स्वीकार किये जाने प्रमाण में हमने हस्ताक्षर कर दिये है) में दी गई उक्त निविदा सूचना की अतिरिक्त शर्तो से बाध्य होना स्वीकार करते है।
5. संलग्न प्रमाण पत्रों का विवरणः–

क्र. सं.	प्रमाण पत्र का प्रकार	हॉ या नही	रजि.स.एवं वर्ष	पंजीकरण दिनांक	संलग्नक क्रमांक
1.	ई–टेण्डर के साथ निविदा प्रपत्र शुल्क राशि रू. 500/– जमा कराने का डिमाण्ड ड्राफ्ट नम्बर/बैंकर्स चैक नम्बर..... दिनांक.....राशि.....प्रस्तुत किये जाने का विवरण				
2.	ई–टेण्डरिंग प्रक्रिया शुल्क राशि रू. 500 जमा कराने का ई–ग्रास चालान नम्बर.....दिनांक..... .....राशि रूपयें .....प्रस्तुत किये जाने का विवरण				
3.	सूचना में अंकित धरोहर राषि रू.... ..... का डिमाण्ड ड्राफ्ट नम्बर.. ..... दिनांक..... का विवरण				
4.	पेन कार्ड (आयकर)				
5	जी.एस.टी. पंजीयन प्रमाण पत्र				
6	किसी भी विभाग द्वारा ब्लैकलिस्टेड नहीं किये जाने के संबंध में शपथ पत्र।(100 रूपये के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर)				
7	**एस आर–11** (100 रूपये के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र)				
8	कम्पनी से ऑथोराइजेशन सर्टिफिकेट				

उक्त रजिस्ट्रेशन के संबंधित सत्यापित दस्तावेज निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न कर दिये गये है।

नोटः–

1. उपरोक्त सारणी में अंकित दस्तावेज प्रस्तुत किये हैं अथवा नहीं उसके आगे हॉ या नहीं/ उसके जारी होने की तिथि/ वैधता अवधि अंकित करना आवश्यक हैं इसका उत्तरदायित्व निविदादाता का है इसके अभाव में निविदा अमान्य कर दी जावेगी।
2. निविदा भरने की प्रक्रियाः–

1. परिशिष्ट (अ) तकनीकी बिड हैं तकनीकी बिड के साथ समस्त प्रमाण पत्र एवं प्रत्येक पृष्ठ डिजिटल हस्ताक्षर शुदा अपलोड करें।
2. परिषिष्ट (ब) प्राईस बिड हैं तकनीकी निविदा में पाये गये योग्य निविदादाताओं की ही वित्तीय निविदा खोली जावेगी।
3. तकनीकी निविदा तथा वित्तीय निविदा पृथक पृथक फोल्डर बना कर अपलोड की जावें

6. हमारे द्वारा निम्न दस्तावेज भी प्रस्तुत किये गये हैः–
   1.....
   2.....
   3.....
7. हम सम्पुष्टि करते हैं कि प्राईस बिड हमारे द्वारा प्रस्तुत कर दी गई है।
8. हमें जानकारी है कि **निविदा शुल्क का डिमाण्ड ड्राफ्ट** तथा ई–निविदा प्रकिया शुल्क का चालान वित विभाग के परिपत्र प. 6(5) वित्त/सावितेनि/2018 दिनांक 27.04.2020/09.07.2020 के अनुसार **RISL HEAD 8658-00-102-(16)-(01) मे जिसमे कार्यालय का नाम प्रमुख चिकित्सा अधिकारी नीमकाथाना हो** ई–ग्रास के माध्यम से जमा करा कर चालान की प्रमाणित प्रति तथा **धरोहर राषि का डिमाण्ड ड्राफ्ट मूल रूप में** (भौतिक रूप से) निर्धारित अवधि तक कार्यालय प्रमुख चिकित्सा अधिकारी, राजकीय जिला चिकित्सालय नीमकाथाना (राज.) में जमा होने की स्थिति में ही ई–निविदा खोली जावेगी। उक्त डिमाण्ड ड्राफ्ट/ बैंकर्स चैक एवं ई–ग्रास चालान की स्केन कॉपी ई–निविदा के साथ अपलोड कर दी गयी है।

निविदादाता के हस्ताक्षर

राजस्थान सरकार

कार्यालय प्रमुख चिकित्सा अधिकारी, राजकीय जिला चिकित्सालय नीमकाथाना (राज.)

एस आर–11

निविदादाता द्वारा घोषणा (100 रूपये के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर)

मैं/हम घोषणा करता हूँ/करते है कि मैने/हमने जिन मालों/सामानों/उपकरणों के लिए निविदा दी है, उनका/उनके मैं/हम वास्तविक व्यापार कर्त्ता/अधिकृत थोक विक्रेता एवं उत्पादनकर्त्ता हूँ/हैं। कम्पनी से ऑथोराइजेशन सर्टिफिकेट संलग्न है।

यदि यह घोषणा असत्य पायी जाए तो किसी भी अन्य कार्यवाही, जो की जा सकती है, पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना मेरी/हमारी प्रतिभूति को पूर्ण रूप से समपहृत कर लिया जा सकेगा तथा निविदा को जिस सीमा तक उसे स्वीकार किया गया है, रद्द किया जा सकेगा।

(जो लागू हो उसे √ करें)

निविदादाता के हस्ताक्षर
मय फर्म की सील

परिशिष्ट 'अ'

निविदादाता द्वारा की जाने वाली घोषणा

यदि मेरे/ हमारे द्वारा दिये गये उक्त तथ्य गलत पाये गये तो बिना किसी पत्र/नोटिस के मेरी/हमारी धरोहर राशि जब्त करने एवं उक्त निविदा को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार प्रमुख चिकित्सा अधिकारी, राजकीय जिला चिकित्सालय नीमकाथाना (राज.) को प्रदत्त करता हूँ/करते हैं।

निविदादाता के हस्ताक्षर मय मुहर
नाम.....
पत्र व्यवहार का पता.....
.....
मो0 न0.–.....

राजस्थान सरकार

कार्यालय प्रमुख चिकित्सा अधिकारी, राजकीय जिला चिकित्सालय नीमकाथाना (राज.)

निविदा प्रपत्र–प्राईस बिड़ (स्टेज–2)

विषयः– Lab Reagent & Chemicals उपलब्ध कराने के लिए वित्तिय निविदा प्रपत्र।

1. निविदादाता फर्म/संवेदक का नाम एवं डाक का पताः–.....
2. निविदादाता/ फर्म/संवेदक का फोन एवं मोबाईल नम्बरः–.....
3. निविदादाता का ई–मेल एड्रेसः–.....
4. सन्दर्भ निविदा सूचना क्रमांकः–.....
5. निविदा शुल्क की राशि.....अक्षरे.....नगर (रसीद संख्या/डी.डी/बैंकर्स चैक नं. .....दिनांक..... .....के द्वारा जमा करा दी गई है।
6. हम प्रमुख चिकित्सा अधिकारी, राजकीय जिला चिकित्सालय नीमकाथाना (राज.) द्वारा जारी की गई निविदा सूचना संख्या ..... दिनांक..... में वर्णित सभी शर्तो से तथा संलग्न शीट (इनके सभी पृष्ठो पर उनमें उल्लेखित शर्तो को हमारे द्वारा स्वीकार किये जाने प्रमाण में हमने हस्ताक्षर कर दिये है) में दी गई उक्त निविदा सूचना की अतिरिक्त शर्तो से बाध्य होना स्वीकार करते है।
7. मुझे निविदा (वित्तिय बिड) के साथ संलग्न शर्ते मंजूर है।
8. उपर्युक्त अंकित दर 12 माह तक वैध है।
9. Lab Reagent & Chemicals हेतु हमारी दर निम्न प्रकार हैः–

क्र.सं.	Name of Reagent	Qty.	Name of company	Price including GST (in round off)
1	2	3	4	5
Reagents & consumables for fullyatomated biochemistry analyser Model : Erba EM-360				
1.	Albumin	10 x 44 ml		
2.	Alkaline Phosphatase	2 x 44 ml / 2 x 11 ml		
3.	Amylase	5 x 22 ml		
4.	Bilirubin Direct	6 x 44 ml / 6 x 12.3 ml		
5.	Bilirubin Total	6 x 44 ml / 6 x 12.3 ml		
6.	Calcium (A)	10 x 12 ml		
7.	Cholesterol	10 x 44 ml		
8.	CK MB	2 x 44 ml / 2 x 11 ml		
9.	CK NAC	2 x 44 ml / 2 x 11 ml		
10.	Creatinine - Enzymatic	5 x 30 ml / 5 x 10 ml		
11.	Erba Autowash - System Pack	10 x 100 ml		
12.	Erba Norm	4 x 5 ml		
13.	Erba Path	4 x 5 ml		
14.	Glucose (GOD - POD)	10 x 44 ml		
15.	HDL Cholesterol with Calibrator	4 x 30 ml / 4 x 10 ml		
16.	LDH - P	2 x 44 ml / 2 x 11 ml		
17.	SGOT - EL	6 x 44 ml / 6 x 12.5 ml		
18.	SGPT - EL	6 x 44 ml / 6 x 12.5 ml		

19.	Total Protein	10 x 44 ml		
20.	Triglycerides	5 x 44 ml / 5 x 11 ml		
21.	Urea	5 x 44 ml / 5 x 11 ml		
22.	Uric Acid	5 x 44 ml / 5 x 11 ml		
23.	XL - AUTOWASH AC/AL Kit	5 x 44 ml / 5 x 44 ml		
24.	XL - MultiCal	4 x 3 ml		
25.	Sample Cup	500 cups		
26.	PM kit of EM 360	1 Box		
Reagents & consumables for Five Part Hematology Analyser Model : Erba Elite-580				
1.	Erba Elite580 Diluent	1*20 Ltr		
2.	Erba Elite580 Lyse 1	3*500 ml		
3.	Erba Elite580 Lyse 2	3*500 ml		
4.	Erba Elite580 Lyse 3	3*1000 ml		
5.	Erba H Clean	4*50 ml		
6.	Elite-580 Control Tri-level	3*3 ml		
7.	Elite-580 Calibrator	1*3 ml		
Reagents for Five Part Hematology Analyser Model : BONAVERA COUNT 5R				
1.	BONAVERA DILUENT SYSTEM PACK	20 LTR		
2.	BONAVERA LYSE SYSTEM PACK	500 ML		
3.	BONAVERA DETERGENT SYSTEM PACK	20 LTR		
4.	BONAVERA SHEATH SYSTEM PACK	20 LTR		
5.	BONAVERA PROBE CLEANER 5R	100 ML		

विभागीय निर्देशः–

1. संलग्न BOQ में स्तंभ संख्या 01 से 03, की पूर्तियां उपापन संस्था द्वारा उपलब्ध कराई गई है तथा शेष स्तंभ संख्या 04 में बोलीदाता द्वारा समुचित प्रविष्ठियां दर्ज की जा सकेगी। स्तंभ संख्या 05 स्वतः प्रदर्षित होगा।
2. विभाग द्वारा नियमानुसार टी.डी.एस. काट कर भुगतान किया जावेगा।
3. उपरोक्त आइटम मे से यदि किसी आइटम के लिए निविदा कोट नही करनी है तो ब्लैंक छोडा जाना है,शून्य राशि कोट करने की स्थिति मे प्राईस बिड़ अस्वीकार कर दी जाएगी।
4. उक्त निविदा सूचना की अन्य शर्ते जो संलग्न पृष्ठ में दी गई है, जिसके समस्त पृष्ठो पर उनमें वर्णित शर्तो को हमारे द्वारा स्वीकार किये जाने के प्रतीक स्वरूप हमारे हस्ताक्षर कर दिये गये है, का भी पालन करने के लिए हम सहमत है।

निविदादाता के हस्ताक्षर

मय सील

परिशिष्ट 'ब'

निविदादाता द्वारा की जाने वाली घोषणा

यदि मेरे/हमारे द्वारा उपलब्ध कराये गये उक्त तथ्य गलत पाये गये तो विभाग को बिना किसी पत्र/नोटिस के मेरी/हमारी धरोहर राशि जब्त करने एवं उक्त निविदा को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार प्रमुख चिकित्सा अधिकारी, राजकीय जिला चिकित्सालय नीमकाथाना (राज.) को प्रदत्त करते/करता हूँ।

निविदादाता के हस्ताक्षर

नाम.....

पत्र व्यवहार का पता.....

.....

मोबाइल नम्बर–.....

राजस्थान सरकार

कार्यालय प्रमुख चिकित्सा अधिकारी, राजकीय जिला चिकित्सालय नीमकाथाना (राज.)

निविदा की सामान्य शर्ते

1. ई–निविदा ही स्वीकार की जावेगी।
2. सफल निविदादाता को निविदा की अनुमानित लागत का 5 प्रतिशत राशि प्रतिभूति के रुप में जमा कराना होगी। जो 2 प्रतिशत निविदा फार्म के साथ तथा 3 प्रतिशत निविदा आवंटित होने पर जमा करवाई जायेगी।
3. कम्पनी द्वारा अधिकृत डीलर/डीस्ट्रीब्यूटर की ही निविदा स्वीकार की जायेगी इस सम्बन्ध मे आवश्यक दस्तावेज निविदा के साथ आवश्यक रूप से सलग्न करें।
4. प्रत्येक Reagent की Batch Report बिल के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। इसके अभाव मे भुगतान नही किया जाएगा।
5. निविदादाता को सुचना में अंकित धरोहर राशि का DD सदस्य सचिव मेडीकेयर रिलीफ सोसायटी, राजकीय जिला चिकित्सालय नीमकाथाना (राज.) के नाम प्रस्तुत करना आवश्यक है इसके अभाव में निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
6. निविदादाताओं द्वारा प्रस्तुत बोली की दरें एक समान रहने की स्थिति में उपापन समिति का निर्णय सर्वमान्य होगा।
7. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त/अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार विभागीय क्रय समिति को होगा।
8. निविदादाता द्वारा प्रस्तुत प्रमाण पत्र या कोई त्रुटि पाये जाने पर निविदा को रद्द करने का अधिकार विभागीय क्रय समिति को होगा।
9. दरों को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार विभागीय क्रय समिति के पास सुरक्षित होगा।
10. सम्बन्धित दस्तावेज निविदा के साथ अपलोड करने होगे। निविदादाता द्वारा जी.एस.टी. नम्बर का पंजीकरण संलग्न करना होगा।
11. निविदादाता को ठेका कार्य का संचालन स्वयं को ही करना होगा, वह किसी अन्य व्यक्ति/संस्था को ठेका सबलेट नहीं करेगा।
12. निविदा की शर्तो का उल्लंघन होने पर बिना नोटिस दिये ठेका निरस्त कर दिया जाएगा।
13. निविदा के संबंध में अन्य कोई शर्ते मान्य नही होगी। सशर्त निविदाओ पर विचार नही किया जावेगा।
14. यदि किसी समय निविदादाता द्वारा आवश्यकतानुसार सामग्री उपलब्ध न कराने की स्थिति में निम्नानुसार शास्ति देय होगी:–
    (क) विहित सुपुर्दगी अवधि की एक चौथाई अवधि तक के विलम्ब के लिए 2.5 प्रतिशत।
    (ख) एक चौथाई अवधि से अधिक किन्तु विहित अवधि की आधी अवधि के लिए 5 प्रतिशत।
    (ग) आधी अवधि से अधिक किन्तु विहित अवधि की तीन चौथाई अवधि के लिए 7.5प्रतिशत।
    (घ) विहित अवधि की तीन चौथाई से अधिक अवधि के विलम्ब के लिए 10 प्रतिशत।
15. इस कार्य हेतु राज्य सरकार के प्रावधानो के तहत कोई लाईसेन्स या अनुमति पत्र लेना आवश्यक हो तो वह निविदादाता स्वयं के खर्चे पर प्राप्त कर प्रस्तुत करेगा।
16. निविदा अनुमोदित होने पर सफल बोलीदाता संस्था/फर्म/ऐजेन्सी द्वारा अनुमानित मूल्य के 0.25 प्रतिशत/500 रूपये के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर निर्धारित प्रपत्र में अनुबन्ध प्रस्तुत करना होगा। जिसका व्यय सम्बन्धित निविदादाता द्वारा वहन किया जाएगा।निविदादाता द्वारा प्रस्तुत दर सभी खर्चों सहित होगी इसके अलावा अन्य किसी भी प्रकार की राशि देय नही होगी।
17. निविदादाता द्वारा आपूर्ति बीच में छोडने पर या उसका कार्य सन्तोषप्रद नही होने की स्थिति में निविदादाता को स्वीकृत निविदा निरस्त कर प्रतिभूति राशि जप्त करने का पूर्ण अधिकार बोली स्वीकृतकर्ता प्राधीकारी को होगा।
18. किसी भी प्रकार का विवाद होने पर विभाग का निर्णय अंतिम होगा व निविदादाता को मानना होगा।

19. निविदादाता के बिलों के भुगतान में से केन्द्र सरकार अथवा राज्य सरकार द्वारा समय समय पर जारी किये गये समस्त आदेश/संशोधन आदेशो के अनुरूप आयकर(टी.डी.एस.) जी.एस.टी. (टी.डी.एस.) अथवा अन्य करो की कटौती की जावेगी।
20. किसी प्रकार का विवाद होने पर कानूनी कार्यवाही स्थानीय न्यायालयों में ही होगी।
21. निविदादाता भारत सरकार, राज्य सरकार व किसी विभाग द्वारा ब्लैकलिस्टेड नहीं किये जाने के संबंध में **शपथ पत्र** प्रस्तुत करना होगा।
22. सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम खण्ड 1 भाग 2 नियम 68 एसआर 15 के आवश्यक प्रावधान इस निविदा में शामिल होगे।
23. राजस्थान लोक उपापन में पारदर्षिता अधिनियम 2012/नियम 2013 इस निविदा प्रारूप के भाग होंगे।
24. कार्य की लागत जीएसटी सहित प्रस्तुत करें,निविदा अवधि में जीएसटी दर में यदि परिवर्तन होता है तो नियमानुसार परिवर्तित दर से जीएसटी देय होगी।
25. सफल निविदादाता को 500 रुपये के नॉन ज्यूडिशियल स्टांप पेपर पर अनुबन्ध निष्पादित करना होगा। स्टाम्प स्वयं निविदादाता द्वारा क्रय किया जायेगा।
26. सफल निविदादाता द्वारा सामान की सुपुर्दगी अपने खर्चे पर संस्थान में देनी होगी। सुपुर्दगी हेतु कोई अतिरिक्त शुल्क देय नहीं होगा।
27. बिल प्रिंटेड दो प्रति में मय डिमांड आर्डर पत्र (मय आर्डरकर्ता अधिकारी/कर्मचारी के हस्ताक्षर) प्रस्तुत करें।
28. टेन्डर मे उल्लेखित कम्पनियों मे से उसी कम्पनी का सामान देना होगा जो संस्थान द्वारा मांगा जायेगा। दुसरी कम्पनी का सामान देने पर भुगतान देय नही होगा एवं फर्म को भविष्य के लिए ब्लैक लिस्टेड कर दिया जायेगा एवं धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
29. सफल निविदादाता को सामान की सप्लाई मांग के आदेश होने के तुरन्त बाद विहित समय में संस्थान को करनी होगी अन्यथा नियमानुसार विलम्ब शुल्क काटा जायेगा।
30. उपर्युक्त निविदा पर राजस्थान लोक उपापन में पारदर्षिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 के समस्त प्रावधान लागू होंगे।
31. दर संविदा 12 माह के लिए वैध होगी जिसमें अधिक वृद्धि का अधिकार अस्पताल प्रशासन को होगा जो निविदादाता को मान्य होगी।

दिनांकः–

प्रमुख चिकित्सा अधिकारी
राजकीय जिला चिकित्सालय नीमकाथाना

मैने/हमने उपरोक्तानुसार वर्णित शर्त संख्या 1 से 31 तक को भली भांति पढ लिया है एवं समझ लिया है। मैं/हम उपरोक्त वर्णित सभी शर्तो की पूर्ण पालना करने के लिए सहमत है। सहमति स्वरूप निविदा की सामान्य शर्तो के प्रत्येक पृष्ठ पर मेरे/हमारे द्वारा हस्ताक्षर कर दिये गये है। हमारे द्वारा हस्ताक्षरित घोषणा पत्र परिशिष्ट 'अ' एवं परिशिष्ट 'ब' संलग्न है।

दिनांकः–

निविदादाता के हस्ताक्षर
नाम एवं पता